**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 04.09.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना अतर्रा पुलिस द्वारा लगभग दो घण्टे के अंदर ही एक 05 वर्षीय बच्चे को कस्बा अतर्रा से सकुशल बरामद कर परिजनों को किया गया सुपुर्द।**

**विवरण-** पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में "ऑपरेशन मुस्कान" के क्रम में आज दिनांक 04.09.2025 थाना अतर्रा पुलिस को पप्पू पुत्र कईया निवासी सिविल लाइन द्वारा जरिये दूरभाष सूचना दी गई कि मेरा पौत्र कही गुम हो गया। बच्चे की सुरक्षा को देखते हुए अतर्रा पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए बच्चे के सकुशल बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। काफी प्रयास के बाद बच्चे को नगर पालिका गेट के पास मिल गया। पुलिस द्वारा उसे संरक्षण में लेते हुए बच्चे के परिजनों को सुपुर्द किया गया। परिजनों द्वारा बताया कि उनका बच्चा दोपहर 1:00 बजे से घर से लापता था। पुलिस द्वारा बच्चे को सकुशल सुपुर्द किए जाने पर परिजनों ने राहत की सांस ली और पुलिस का धन्यवाद करते हुए आभार प्रकट किया।

**पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 प्रीत कुमार पाण्डेय
2. कां0 मनोज